दिन– मंगलवार दिनांक– 30 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य में तिरेपन हजार करोड़ रुपये की लागत से पाँच प्रमुख सड़क और पुल परियोजनाओं का निर्माण किया जायेगा। इस प्रस्ताव को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कल नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हुई बैठक में इस पर सहमति बनी है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के सामने अपील करने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई तक बढा दी है। वित्त मंत्रालय के अनुसार पिछले वर्ष सितंबर में जारी अधिसूचना में अपील दायर करने की अंतिम तिथि इस वर्ष तीस जून निर्धारित की गई थी। विभिन्न हितधारकों न्यायाधिकरण में अपील दायर करने की भारी संख्या के कारण आई तकनीकी बाधा का हवाला देते हुए सरकार से अंतिम तिथि बढाने का अनुरोध किया था। सरकार ने करदाताओं को भी सलाह दी है कि वे समय रहते ही अपील दायर कर दें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें।

———————————————————————————

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज कहा कि भारतीय सेना को अपनी शक्ति किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि अपने सैनिकों, कमांडरों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और देश के नागरिकों के अटूट विश्वास से मिलती है। जनरल द्विवेदी आज सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत हो गये। अपनी विदाई समारोह के तहत, सेना प्रमुख द्विवेदी ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चार दशकों से अधिक समय तक भारतीय सेना में सेवा करना उनके लिए सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है। नए सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने अपनी जिम्मेदारी सम्भाल ली है।

—————————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल की बिक्री पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर कल से ये प्रतिबंध लागू नहीं रहेंगे। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया संकट के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री पर बारह जून से अस्थायी प्रतिबंध लगाए गए थे। इसके तहत एक ग्राहक या वाहन को एक दिन में अधिकतम दो सौ लीटर डीज़ल देने की सीमा तय की गई थी।

—————————————————————————————————

ग्रामीण विकास को बढ़ावा देनेवाली महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी राम जी कल से प्रदेशभर में लागू की जायेगी। इसके तहत हर व्यस्क व्यक्ति को वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी दी जायेगी। ग्राम पंचायतें योजना का निर्माण करेंगी और श्रमिकों के बैंक खातों में मजदूरी का सीधा और समयबद्ध भुगतान किया जायेगा। जी राम जी योजना वर्तमान में चल रही मनरेगा योजना का स्थान लेगा।

—————————————————————————————————

राज्य के उत्तरी हिस्सों में मानसून की सक्रियता से कई जिलों में झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज और पश्चिम चंपारण जिले के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी और वैशाली जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। इधर, पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भी कुछ स्थानों पर बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पटना और आसपास के क्षेत्रों में आज भी बादल छाये हुए हैं।

—————————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने भोजपुर कथित फर्जी पुलिस मुठभेड़ मामले की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता को इस मामले में पहले उच्च न्यायालय का रूख करने को कहा है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दाखिल की थी। गौरतलब है कि राज्य सरकार के निर्देश पर मामले की न्याययिक जांच जारी है।

———————————————————————————

सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव की तबीयत खराब होने के कारण  उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक और पार्षद ने अस्पताल पहुंच कर उनका हालचाल लिया।

———————————————————————————

अररिया जिले की महिला थाना पुलिस ने एक मामले के अनुसंधान के दौरान वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने आज बेतिया अतिथिगृह में प्रेस वार्ता की इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी साझा की।

———————————————————————————

समाप्त